


AIOBC
social justice for all
Estd - 1998
Social Justice for All

Regd No. 01547/2022

**UNION BANK BACKWARD CLASSES (OBC) EMPLOYEES WELFARE ASSOCIATION UTTAR PRADESH**

Affiliated with-All India Union Bank OBC Eployees Welfare Association
C/o : Union Bank of India, Regional Office, Sikraul, Varanasi
Mobile : 9918306777 E-mail : aiobc.up@gmail.com
Website - https://aiobc.org

Empower
Trust for Social Welfare
Caring People... Powering People
an academic & social wing of Association
(Estd-2022 (Regd)

| BINOD PRASAD SHARMA | DR. AMRITANSHU | JAY SHANKAR KUMAR | DILEEP KR. KANAUJIA | PAWAN KR. PATEL |
|---|---|---|---|---|
| PRESIDENT | GENERAL SECRETARY | DGS (VARANASI) | DGS (LUCKNOW) | TREASURER |
| M-8765463674 | M-9918306777 | M-9918301408 | M-9305381209 | M-8416899950 |


Ref : GS/163/25

Date : 20 th April’25

# वाराणसी स्थित संगठन कार्यालय में वाराणसी अंचल के अंचल प्रमुख, महाप्रबंधक श्री धीरेन्द्र जैन, उप अंचल प्रमुख, डीजीएम श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय, एवं अन्य कार्यपालकों, प्रतिनिधियों एवं सदस्यों का आगमन




दिनांक 20 अप्रैल 2025 को वाराणसी स्थित संगठन के कार्यालय में अंचल प्रमुख वाराणसी श्री धीरेन्द्र जैन, उप अंचल प्रमुख श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय, सहायक महाप्रबंधक श्री परशुराम सिंह का आगमन हुआ और इन्होंने संगठन कार्यालय एवं यहां स्थित पुस्तकालय का निरीक्षण किया। प्रख्यात समाजसेवी एवं वॉइस ऑफ ओबीसी के संपादक श्री अशोक आनंद एवं श्री नंद किशोर जी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

कार्यक्रम में अन्य क्षेत्रों से प्रतिनिधिगण भी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में महासचिव डॉ0 अमृतांशु ने बैंक स्तर पर संगठन की बैठकों एवं प्रबंधन द्वारा स्वीकृत सुविधाओं की बातें रखी। ट्रस्ट एवं संगठन के लिए शक्ति भवन के निर्माण की बातें सामने रखी। महासचिव ने बताया कि कतिपय त्रुटियों के कारण जमीन की रजिस्ट्री दुबारा करायी जानी है। इसके बाद पुनः दाखिल खारीज होने के बाद नक्शा स्वीकृत किया जाएगा। इसके बाद भवन का निर्माण कार्य आरम्भ होगा। महासचिव ने ट्रस्ट की ओर से किए जाने वाले कल्याण संबंधी कार्यों के बारे में बताया। जिसमें गरीब मेधावी बच्चों के लिए शक्ति भवन में निशुल्क रहने की व्यवस्था करने की महत्वाकांक्षी योजना सर्वोपरी है।

अपने संबोधन में महाप्रबंधक श्री धीरेन्द्र जैन ने संगठन की कल्याणकारी योजनाओं को लेकर हर्ष व्यक्त किया और कहा कि जो भी सहयोग संभव होगा वे करेंगे। उप महाप्रबंधक श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान में बैंक के














माहौल में भेदभाव जैसी चीजें नहीं है, और वर्तमान में समानता एक मूल भावना है जिसे हम सभी को आगे लेकर चलना चाहिए। उन्होंने संगठन का आभार व्यक्त किया। सहायक महाप्रबंधक श्री परशुराम सिंह ने भी संगठन एवं ट्रस्ट के इस भावना का समादर किया कि गरीब एवं मेधावी विद्यार्थियों की निशुल्क रहने का स्थान उपलब्ध कराना एक बड़ी बात है एवं उनके योग्य जो भी सहयोग होगा वे अवश्य करेंगे।

धन्यवाद ज्ञापन करते हुए अध्यक्ष श्री बिनोद प्रसाद शर्मा ने सभी कार्यपालकों एवं उपस्थित प्रतिनिधियों एवं सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। संस्थापक सदस्य श्री डी0डी0 प्रसाद ने भी 1998 में किए गए संगठन की स्थापना संबंधी महत्वपूर्ण बातें सामने रखी।



सभा को संबोधित करते हुए अंचल प्रमुख एवं महाप्रबंधक श्री धीरेन्द्र जैन



सभा को संबोधित करते हुए उप अंचल प्रमुख एवं उप महाप्रबंधक श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय



सभा को संबोधित करते हुए सहायक महाप्रबंधक श्री परशुराम सिंह


डॉ भीमराव अम्बेडकर






डॉ भीमराव अम्बेडकर


संगठन हेतु कार्यालय
का ले-आउट



JYOTI BA PHULE
SAHU JI MAHARAJ
EVR. PERIYAR
DR. AMBEDKAR
NARAYAN GURU
KARPURI THAKUR
B.P. MANDAL
V. P. SINGH






















AIOBC
social justice for all
Estd - 1998
Social Justice for All




Regd No. 01547/2022

**UNION BANK BACKWARD CLASSES (OBC) EMPLOYEES WELFARE ASSOCIATION UTTAR PRADESH**

Affiliated with-All India Union Bank OBC Eployees Welfare Association
C/o : Union Bank of India, Regional Office, Sikraul, Varanasi
Mobile : 9918306777 E-mail : aiobc.up@gmail.com
Website - https://aiobc.org

Empower
Trust for Social Welfare
*Caring People... Powering People*
*an academic & social wing of Association*
**(Estd-2022 (Regd)**














संगठन सभी पदाधिकारियों का, सभी उपस्थित सदस्यों का और अतिथियों के प्रति सम्मान व्यक्त है, जिन्होंने अपने व्यस्तम समय में से थोड़ा समय निकाल कर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया, विशेषकर श्री शालीन कुमार, पवन कुमार, बृजलाल, शुभम आदि।

Union Bank Backward Classes (OBC) Employees Welfare Association, UP
C/o Union Bank of India, Regional Office, Sikraul, Varanasi-221002
AIOBC social justice for all
1998

डॉ0 अमृतांशु
महासचिव